दिव्य हिमाचल
14-2-17

14/2/17 दिव्य हिमाचल

# राज्य रेडक्रॉस को दिया 21 हजार का अंशदान



रेडक्रॉस सोसायटी को अंशदान देती हुई सुविधा

**जागरण संवाददाता, शिमला :** पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा परमार्थ है। इसी मूल मंत्र को आधार मानकर रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य सुविधा मानवीय सेवा के लिए समर्पित हैं और उन्होंने गरीब, असहाय व दीन-दुखियों की सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया है। इस परोपकारी कार्य को आगे बढ़ाते हुए सुविधा ने सोमवार को राज्य रेडक्रॉस को 21 हजार रुपये का अंशदान दिया। सुविधा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त सुविधा अपने स्तर पर भी पेंशन से गरीबों के लिए कार्य करती हैं और कंबल, कपड़े आदि के रूप में राहत देती है। सुविधा ने 21 हजार रुपये का अंशदान सोमवार को राज्य रेडक्रॉस के सचिव पीएस राणा को भेंट किया। पीएस राणा ने रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सुविधा का आभार व्यक्त किया है।

गिरीपार क्षेत्र को जन जातीय